दिनांक- 27.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 101/26

# महोबा पुलिस

## साइबर जागरुकता कार्यक्रम

## महोबा पुलिस का व्यापक साइबर जागरूकता अभियान — डिजिटल अरेस्ट, फेक निवेश, लोन ऐप व जॉब फ्रॉड से बचाव हेतु जनपदभर में गोष्ठियां एवं प्रचार-प्रसार।

अपर पुलिस महानिदेशक साइबर, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी साइबर श्री गौरव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में जनपद महोबा के समस्त थाना क्षेत्रों में वृहत स्तर पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी थानों पर साइबर जागरूकता गोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिनमें ग्राम प्रधान/पूर्व प्रधान, व्यापारीगण, बैंक प्रतिनिधि, विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण, जनसेवा केंद्र संचालक, महिला समूह/स्वयं सहायता समूह तथा अन्य सम्मानित नागरिकों द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए साइबर जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विशेष रूप से निम्नलिखित साइबर अपराधों के प्रति सचेत किया गया—

- डिजिटल अरेस्ट (Digital Arrest Fraud)
- फेक इन्वेस्टमेंट फ्रॉड
- फर्जी लोन ऐप ठगी
- फेक जॉब ऑफर फ्रॉड
- APK आधारित मोबाइल हैकिंग
- OTP एवं KYC फ्रॉड
- सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग

वर्तमान समय में साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए आमजन को यह बताया गया कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक, ऐप या निवेश योजना पर बिना सत्यापन के विश्वास न करें तथा व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

इसी क्रम में जनपद के सभी थानों पर गठित साइबर हेल्पडेस्क टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में व्यापक भ्रमण कर रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, डाकघर, बैंक शाखाएं, एटीएम, शॉपिंग मॉल, सरकारी एवं निजी अस्पताल, तहसील परिसर, न्यायालय परिसर, प्रमुख चौराहों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर साइबर जागरूकता पम्पलेट चस्पा किए गए।
साथ ही आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें साइबर अपराध से बचाव के उपायों तथा शिकायत करने के त्वरित माध्यमों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

**अपील-** महोबा पुलिस द्वारा जनपदवासियों से अपील की जाती है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करें अथवा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। समय पर सूचना देने से ठगी की गई धनराशि को बचाया जा सकता है।







दिनांक- 27.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 103/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल - कुलपहाड़, थाना - पनवाड़ी

## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद में संचालित अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 26.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित उ0नि0 पवन गौड़ व उ0नि0 ओमप्रकाश मिश्रा मय हमराह कां0 राममिलन सिंह, कां0 शिवबाबू, कां0 रामकुमार तिवारी व कां0 ललित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान ग्राम महुआ के पास रुपये पैसो से हार जीत की बाजी लगाकर ताश पत्तो से जुंआ खेलते हुये 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.लखचन्द्र पुत्र धरमपाल उम्र करीब 38 वर्ष 2.सूरज पुत्र प्रागीलाल उम्र करीब 55 वर्ष 3.प्रदीप पुत्र निरपत सिंह उम्र करीब 29 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम महुआ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से मालफड़ 760 रू0, जामा तलाशी 570 रू0 कुल 1330 रू0 व 52 अदद ताशपत्ता बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 61/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1.उ0नि0 पवन गौड़ 2.उ0नि0 ओमप्रकाश मिश्रा

3.कां0 राममिलन सिंह 4.कां0 शिवबाबू 5.कां0 ललित कुमार 6.कां0 रामकुमार तिवारी

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1.लखचन्द्र पुत्र धरमपाल उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

2.सूरज पुत्र प्रागीलाल उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

3.प्रदीप पुत्र निरपत सिंह उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा



दिनांक- 27.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 104/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल - चरखारी, थाना - खरेला

## महोबा पुलिस की सक्रियता से दो गुमशुदा महिलाएं सकुशल बरामद, परिजनों में खुशी की लहर...।

महोबा पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश एवं उनकी सकुशल बरामदगी हेतु प्रभावी अभियान “ऑपरेशन खोज” निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के कुशल पर्यवेक्षण में थाना खरेला पुलिस टीम द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए दो गुमशुदा महिलाओं को सकुशल बरामद किया गया।

थाना खरेला पर पंजीकृत गुमशुदगी क्रमांक 05/26 से संबंधित श्रीमती सोमवती पत्नी हरिप्रकाश गुप्ता निवासी ग्राम बसौठ थाना खरेला जनपद महोबा तथा गुमशुदगी क्रमांक 06/26 से संबंधित अराधना पुत्री नन्द किशोर निवासी ग्राम पहरेथा, थाना खरेला, जनपद महोबा, जो कुछ समय से गुमशुदा चल रही थीं, को पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26.05.2026 को सकुशल बरामद किया गया।

बरामदगी के उपरांत दोनों गुमशुदा महिलाओं को उनके परिजनों को नियमानुसार सुपुर्द किया गया, जो उन्हें पाकर अत्यंत प्रसन्न हुए एवं महोबा पुलिस का आभार व्यक्त किया।

गुमशुदा महिलाओं की सकुशल बरामदगी पर परिजनों द्वारा महोबा पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता एवं प्रभावी कार्यवाही की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

**बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

**प्रथम टीम (अराधना बरामदगी):**

1.उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह

2.म0उ0नि0 नैन्सी प्रजापति

**द्वितीय टीम (सोमवती बरामदगी):**

1.उ0नि0 राजकुमार

2.कां0 विशाल जायसवाल 3.कां0 शील कुमार 4.रि0म0कां0 अनामिका






# महोबा पुलिस

दिनांक- 27.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 105/26

## पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंध, बकरीद पर शांति एवं कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर्व को लेकर महोबा पुलिस सतर्क, मिश्रित क्षेत्रों में पैदल गश्त व ड्रोन से की गयी निगरानी...।

जनपद महोबा में दिनांक 28.05.2026 को प्रस्तावित बकरीद (ईद-उल-अजहा) पर्व के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। जनपद को 03 सुपर जोन, 10 जोन एवं 17 सेक्टर में विभाजित कर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इबादतगाहों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 27.05.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी श्री कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री मनीष कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में भारी पुलिस बल के साथ प्रभावी पैदल गस्त की गई। ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी करते हुए आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि धर्मगुरुओं से निरंतर संवाद बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की नई परंपरा व सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी तथा प्रतिबंधित चीजों के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी।

पर्व के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक में सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई है। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत फायर टेंडर अलर्ट मोड में रखे गए हैं एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु QRT (क्विक रिस्पांस टीम) निरंतर क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगी। जनपद के समस्त महत्वपूर्ण स्थानों पर व्यापक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

महोबा पुलिस आप सभी से शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करती है।






महोबा पुलिस

दिनांक- 27.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 106/26

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बकरीद पर्व के दृष्टिगत करिया पठवा ईदगाह सहित नमाज स्थलों का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु दिए गए आवश्यक निर्देश...

आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 27.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा अपर जिलाधिकारी श्री कुंवर पंकज के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत करिया पठवा ईदगाह एवं अन्य प्रमुख नमाज स्थलों का संयुक्त रूप से भौतिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, आवागमन, बैरिकेडिंग एवं संवेदनशील बिंदुओं का गहनता से जायजा लिया गया। मौके पर उपस्थित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान सतर्कता बरतने, आपसी समन्वय बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में मौजूद आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया तथा सभी से अपील की गई कि पर्व को भाईचारे एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। साथ ही यह भी आग्रह किया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा बकरीद सहित आगामी पर्वों को सकुशल संपन्न कराने हेतु व्यापक स्तर पर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

